भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 576

गुरूवार, 07 दिसंबर, 2023/16 अग्रहायण, 1945 (शक)

प्रदान किये गये रोजगार का ब्यौरा

576 # श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में 18 से 40 वर्ष की आयु के बीच के बेरोजगार युवाओं की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ख) गत पांच वर्षों के दौरान अब तक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में प्रदान किए गए पूर्णकालिक रोजगार का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में गत 5 वर्षों के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और सूचना का स्रोत क्या है; और
(घ) वर्तमान समय में देश में बेरोजगारी दर क्या है और गत 5 वर्षों में वर्ष-वार बढ़ी बेरोजगारी दर का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर **15** वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की, जिसमें 18-40 वर्ष का आयु समूह शामिल है, अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर), इस प्रकार थी:

वर्ष	बेरोजगारी दर **(% में)**
2018-19	5.8
2019-20	4.8
2020-21	4.2
2021-22	4.1
2022-23	3.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त तालिका के आंकड़ों दर्शाते हैं कि देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है।

वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) **अनुबंध** में दी गई है।

वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र सहित रोजगार को दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार थाः

कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) (% में)			
वर्ष	**ग्रामीण**	**शहरी**	**अखिल भारत**
2018-19	48.9	43.9	47.3
2019-20	53.3	45.8	50.9
2020-21	55.5	45.8	52.6
2021-22	55.6	46.6	52.9
2022-23	59.4	47.7	56.0

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार को दर्शाने वाले कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में वृद्धि की प्रवृत्ति है।

*****

राज्य सभा के दिनांक 07.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 576 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)

क्र.सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**
1	आंध्र प्रदेश	5.3	4.7	4.1	4.2	4.1
2	अरुणाचल प्रदेश	7.7	6.7	5.7	7.7	4.8
3	असम	6.7	7.9	4.1	3.9	1.7
4	बिहार	9.8	5.1	4.6	5.9	3.9
5	छत्तीसगढ	2.4	3.3	2.5	2.4	2.4
6	दिल्ली	10.4	8.6	6.3	5.3	1.9
7	गोवा	8.7	8.1	10.5	12.0	9.7
8	गुजरात	3.2	2.0	2.2	2.0	1.7
9	हरियाणा	9.3	6.4	6.3	9.0	6.1
10	हिमाचल प्रदेश	5.1	3.7	3.3	4.0	4.3
11	झारखंड	5.2	4.2	3.1	2.0	1.7
12	कर्नाटक	3.6	4.2	2.7	3.2	2.4
13	केरल	9.0	10.0	10.1	9.6	7.0
14	मध्य प्रदेश	3.5	3.0	1.9	2.1	1.6
15	महाराष्ट्र	5.0	3.2	3.7	3.5	3.1
16	मणिपुर	9.4	9.5	5.6	9.0	4.7
17	मेघालय	2.7	2.7	1.7	2.6	6.0
18	मिजोरम	7.0	5.7	3.5	5.4	2.2
19	नागालैंड	17.4	25.7	19.2	9.1	4.3
20	ओडिशा	7.0	6.2	5.3	6.0	3.9
21	पंजाब	7.4	7.3	6.2	6.4	6.1
22	राजस्थान	5.7	4.5	4.7	4.7	4.4
23	सिक्किम	3.1	2.2	1.1	1.6	2.2
24	तमिलनाडु	6.6	5.3	5.2	4.8	4.3
25	तेलंगाना	8.3	7.0	4.9	4.2	4.4
26	त्रिपुरा	10.0	3.2	3.2	3.0	1.4
27	उत्तराखंड	8.9	7.1	6.9	7.8	4.5
28	उत्तर प्रदेश	5.7	4.4	4.2	2.9	2.4
29	पश्चिम बंगाल	3.8	4.6	3.5	3.4	2.2
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	13.5	12.6	9.1	7.8	9.7
31	चंडीगढ़	7.3	6.3	7.1	6.3	4.0
32	दादर एवं नगर हवेली	1.5	3.0	4.2	5.2	2.5
33	दमन और दीव	0.0	2.9			
34	जम्मू एवं कश्मीर	5.1	6.7	5.9	5.2	4.4
35	लद्दाख	-	0.1	2.9	3.3	6.1
36	लक्षद्वीप	31.6	13.7	13.4	17.2	11.1
37	पुडुचेरी	8.3	7.6	6.7	5.8	5.6
अखिल भारत		**5.8**	**4.8**	**4.2**	**4.1**	**3.2**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई